सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 184 / सो.आ.नि.–318(I) / 14
दिनाँकः 03 जुलाई, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
(बलिया, गाजीपुर, चंदौली, कासगंज,
गौतमबुद्धनगर एवं गाजियाबाद को छोड़कर)

विषयः वित्तीय वर्ष 2014–15 की प्रथम छमाही में जुलाई से सितम्बर, 2014 के लिए सोशल आडिट टीमों द्वारा सोशल आडिट कैलेण्डर।

महोदय,

आप अवगत हैं कि आपके जनपद में वर्ष 2014–15 की प्रथम छमाही के लिए इस निदेशालय द्वारा निर्गत सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार मनरेगा एवं इन्दिरा आवास योजना के अर्न्तगत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट दिनांक 11–7–2014 से प्रारम्भ हो रहा है। सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार इस प्रथम छमाही में प्रत्येक विकास खण्ड में लगभग 23 ग्राम पंचायतों का सोशल आडिट विभिन्न प्रशिक्षित टीमों द्वारा DSAC/BSAC की सहायता से किया जाएगा। इस सम्बन्ध में यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा कि विभिन्न टीमों को लगभग बराबर संख्या में ग्राम पंचायतों का सोशल आडिट करने का दायित्व सौंपा जाए। उदाहरणार्थ यदि आपके जनपद के किसी विकास खण्ड में 05 सोशल आडिट टीमें सोशल आडिट के कार्य में लगी हों तो प्रत्येक को 04 या 05 ग्राम पंचायतों का सोशल आडिट सौंपा जाना चाहिए।

अनुरोध है कि ग्राम पंचायतों के सोशल आडिट हेतु टीमों का चयन समुचित रूप से सुनिश्चित कराने हेतु जिला विकास अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक।

प्रतिलिपि :–

सम्बन्धित जनपदों के जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(शंकर सिंह)
निदेशक।

Rks/Gen.letter/Desktop